


# बीज बैंक व कृषि संग्रहालय का डी सी ने किया अवलोकन

**नवभारत न्यूज**

**उचेहरा 9 जुलाई, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, सतना के नवागत जिला समन्वयक ( डीसी ) आशीष ताम्रकार ने जनपद के पिथौराबाद पहुंचकर पद्मश्री बाबूलाल दाहिया द्वारा विकसित किए गए परंपरागत अनाजों के बीज बैंक एवं कृषि आश्रित समाज के दुर्लभ उपकरणों के संग्रहालय का अवलोकन किया।**



उन्होंने बीज संरक्षण, जैविक खेती और संग्रहालय की अवधारणा को लेकर पद्मश्री दाहिया से विस्तार से चर्चा की। इस पर पद्मश्री बाबूलाल दाहिया ने बताया कि उनके यहां वर्षों से देशभर के किसान नि:शुल्क दुर्लभ एवं परंपरागत धान की किस्मों के बीज लेने आते हैं। उन्होंने परंपरागत एवं जैविक खेती की उपयोगिता बताते हुए रासायनिक एवं हाइब्रिड खेती के दुष्प्रभावों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने चर्चा में बताया कि बदलते समय में कृषि आधारित समाज के पारंपरिक उपकरण तेजी से विलुप्त हो रहे हैं।

इन्हें संरक्षित करने के उद्देश्य से लोहा, लकड़ी, मिट्टी, चमड़ा, पत्थर, बाँस और धातु से बने लगभग 300 से अधिक दुर्लभ कृषि उपकरण, बर्तन एवं अन्य उपयोगी वस्तुओं का संग्रह कर यह संग्रहालय तैयार किया गया है। संग्रहालय वर्तमान और भावी पीढ़ी को ग्रामीण कृषि संस्कृति, पारंपरिक तकनीक और शिल्पकारों की विरासत से परिचित कराता है।

संग्रहालय का अवलोकन करने के बाद जिला समन्वयक आशीष ताम्रकार ने इन प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए इसे ग्रामीण संस्कृति और कृषि विरासत के संरक्षण की प्रेरणादायी पहल बताया।

इस दौरान सर्जना संस्था के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार सुरेश दाहिया सहित उचेहरा के उचेहरा के क्षेत्रीय समन्वयक उपस्थित रहे।



# कमिश्नर ने ली अधिकारियों की बैठक

**नवभारत न्यूज**

**मैहर 9 जुलाई, रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेन्द्र सिह द्वारा गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मैहर में अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की प्राथमिकताओं वाली योजनाओं, विकास कार्यों एवं विभागीय उपलब्धियों की विस्तृत समीक्षा की गई।**

बैठक में कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी, पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिह, अपर कलेक्टर सुश्री संजना जैन, सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिह, एसडीएम डॉ आरती सिह, एसपी मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री आशिमा पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भैंसों से भरा ट्रक पकड़ा, जांच शुरू

## अमदरा थाना पुलिस की कार्रवाई




**नवभारत न्यूज**

**मैहर 9 जुलाई, जिले के अमदरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने सूचना के आधार पर भैंसों से भरे एक ट्रक को पकड़कर अपने कब्जे में लिया है। मामले में पुलिस द्वारा विस्तृत जांच की जा रही है।**

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ट्रक में बड़ी संख्या में भैंसों का परिवहन किया जा रहा था। पुलिस ने वाहन को रोककर उसके दस्तावेज, पशु परिवहन से संबंधित अनुमति पत्र तथा अन्य आवश्यक अभिलेखों की जांच शुरू कर दी है। अमदरा थाना पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि पशुओं का परिवहन नियमानुसार किया जा रहा था या नहीं। यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मानसिक स्वास्थ्य : उच्च शिक्षा का नया दायित्व और संवेदनशील परिसर की आवश्यकता : डॉ . जय प्रकाश

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट 9 जुलाई, उच्च शिक्षा का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करना नहीं है, बल्कि उन्हें मानसिक, सामाजिक और नैतिक रूप से सक्षम नागरिक बनाना भी है। आज प्रतिस्पर्धा, कैरियर की अनिश्चितता, पारिवारिक अपेक्षाएँ, सामाजिक दबाव, डिजिटल जीवनशैली और बदलती जीवन परिस्थितियों के कारण विद्यार्थियों में मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याएँ तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे समय में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को शिक्षा व्यवस्था के केंद्र में रखना समय की आवश्यकता बन गया है।**

मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को लेकर प्रारंभ की गई पहल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में प्राध्यापकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण देकर उन्हें अधिक संवेदनशील बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यह पहल इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है कि विद्यार्थी अपने जीवन का बड़ा हिस्सा शिक्षण संस्थानों में व्यतीत करते हैं और कठिन परिस्थितियों में सबसे पहले उनका संपर्क अपने शिक्षकों एवं संस्थान से ही होता है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को संस्थागत स्वरूप देना उच्च शिक्षा की बदलती प्राथमिकताओं का परिचायक है। अब यह



आवश्यक हो गया है कि प्रत्येक विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में ऐसा वातावरण विकसित हो, जहाँ विद्यार्थी बिना किसी संकोच के अपनी समस्याएँ साझा कर सकें और उन्हें समय पर उचित मार्गदर्शन एवं परामर्श प्राप्त हो। नए शैक्षणिक सत्र के इंडक्शन कार्यक्रमों में मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन, भावनात्मक संतुलन, सकारात्मक सोच, जीवन कौशल, साइबर सुरक्षा, एंटी-रैगिंग व्यवस्था और मेंटर-मेंटी प्रणाली जैसे विषयों को शामिल करना विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में दूरदर्शी पहल है। इससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे चुनौतियों का सामना अधिक संतुलित ढंग से कर सकेंगे। मानसिक स्वास्थ्य केवल चिकित्सकीय विषय नहीं है, बल्कि यह सामाजिक संवेदनशीलता, संवाद और सहयोग की संस्कृति से भी जुड़ा हुआ है। यदि शिक्षक, कर्मचारी, अभिभावक और विद्यार्थी मिलकर विश्वास, सम्मान और सहयोग का वातावरण तैयार करें, तो अनेक मानसिक समस्याओं को प्रारंभिक स्तर पर ही रोका जा सकता है।

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय सहित प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम इस बात का संकेत हैं कि अब उच्च शिक्षा केवल ज्ञानार्जन तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र कल्याण को भी समान महत्व दिया जा रहा है। यह परिवर्तन भविष्य के स्वस्थ, आत्मविश्वासी और जिम्मेदार नागरिकों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मानसिक रूप से स्वस्थ विद्यार्थी ही रचनात्मक समाज, सक्षम राष्ट्र और विकसित भारत की मजबूत नींव रख सकते हैं। इसलिए मानसिक स्वास्थ्य को शिक्षा व्यवस्था का अभिन्न अंग बनाना केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी भी है।

# भोपाल में आयोजित होगा अभा उपभोक्ता उत्थान संगठन का राष्ट्रीय अधिवेशन

## मध्य प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में भोपाल में बनी रूपरेखा, तय की गई सभी की जिम्मेदारी

**नवभारत न्यूज**

**कोठी 9 जुलाई, अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के प्रदेश प्रवक्ता एवं सतना जिले के जिला अध्यक्ष बृजेश गर्ग सोनू ने जानकारी देते हुए बताया की विधि न्याय एवं कंपनी मामले में भारत सरकार मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन एवं प्रशिक्षण शिविर आगामी 7 एवं 8 अक्टूबर को राजधानी भोपाल में आयोजित होगा.**



जिसकी रूपरेखा गुरुवार 9 जुलाई को राजधानी भोपाल में आयोजित मध्य प्रदेश कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक में तय की गई। यह बैठक अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ल की अध्यक्षता एवं मध्य प्रदेश संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप सूरी,संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओम भारद्वाज,अनिल चौधरी, राष्ट्रीय सचिव राम लखन पटेल,सुनील धोरैया तथा राष्ट्रीय प्रवक्ता बी के पांडे सहित अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारी व प्रदेश पदाधिकारियों के साथ-साथ संभागीय अध्यक्ष तथा मध्य प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों की मौजूदगी में राजधानी भोपाल के होटल पुखराज में आयोजित हुई जिसमें सभी पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्षों की जिम्मेदारी तय की गई और राष्ट्रीय अधिवेशन की रूपरेखा बनाई गई। बैठक में अन्य सभी मंचासीन अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किया व उपस्थित सभी लोगों ने अपने सुझाव रखें.

### बैठक में ये रहे उपस्थित

इस दौरान दीपक बनोरिया, अर्पिता उपाध्याय, अजय पांडे अज्जू, संतोष शर्मा, सीमा धोरे महेंद्र सिंह चौहान निकिता शेलार अभिषेक भारद्वाज के साथ-साथ सैकड़ो की संख्या में मध्य प्रदेश के समस्त जिला अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, संभागीय अध्यक्ष व मध्य प्रदेश में निवासरत राष्ट्रीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हरदुआ निवासी बालमीक उरमलिया का निधन



**नागौद 9 जुलाई,** हरदुआ निवासी समाजसेवी बालमीक उरमलिया ( ब्यास जी) का 7 जुलाई मंगलवार को 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया है । श्री उरमलिया विगत तीन महीने से अस्वस्थ चल रहे थे उन्होंने संगीत के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई थी उनके निधन का समाचार सुनकर गांव व क्षेत्र में शोक व्याप्त है तथा उनके शुभचिंतक शोक श्रृद्धांजलि अर्पित कर रहे है।

# पहली ही बारिश में मैहर नगर की बदहाल व्यवस्था उजागर

## नगर पालिका तत्काल करे सुधारात्मक कार्रवाई : धर्मेश घई

**नवभारत न्यूज**

**मैहर 9 जुलाई, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धर्मेश घई रोमी ने कहा कि पहली ही बारिश ने नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही और अपर्याप्त तैयारियों की हकीकत सामने ला दी है।**

नगर के अनेक क्षेत्रों एवं वार्डों में नालियां बजबजा रही हैं, जिससे गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। जगह-जगह जलभराव और गंदगी के कारण आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कई वार्डों में पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। नालियों की समय पर सफाई नहीं होने से बदबू, मच्छरों का प्रकोप और संक्रामक



बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

यदि शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो बारिश के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। धर्मेश घई रोमी ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि सभी वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर नालियों की तत्काल सफाई कराई जाए, जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा नियमित दवा का छिड़काव कराया जाए। साथ ही जिन स्थानों पर नालियां जाम है, वहां तत्काल स्थायी समाधान किया जाए।

उन्होंने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रशासन को जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बिना अविलंब आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए।

# वीरपुर पंचायत सचिव को बर्खास्त कर दर्ज हो एफआईआर : आशुतोष

## धारकुण्डी आश्रम हम सब की आस्था का प्रतीक

**नवभारत न्यूज**

**मझगवां 9 जुलाई, अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व चित्रकूट विधानसभा के कांग्रेस नेता आशुतोष द्विवेदी ने प्रेस में जारी किए गए बयान में कहा कि मझगवां जनपद के ग्राम पंचायत वीरपुर में पदस्थ सचिव राकेश रजक द्वारा पवित्र तीर्थ स्थल धारकुंडी आश्रम में मेला परिसर बनवाए जाने के नाम पर 548000 रु ( पांच लाख अड़तालीस हजार रुपए ) का गमन किया गया जो क्षेत्र वासियों की आस्था के साथ बहुत बड़ा छल है.**

लेकिन सचिव को भाजपा नेताओं का संरक्षण प्राप्त होने के कारण आज दिनांक तक प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं हुई जबकि ऐसे सचिव को कलेक्टर तत्काल बर्खास्त कर उसके ऊपर तत्काल एफ.आई.आर दर्ज करवाए जबकि 9 जून को वीरपुर निवासी सुनील मिश्रा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी मझगवां को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं हुई आगे श्री द्विवेदी ने कहा की पवित्र धारकुंडी आश्रम चित्रकूट क्षेत्र ही नहीं बल्कि देश का भी चर्चित देवस्थान है यह वही स्थान है जहां पांडवों ने अपनी तपस्या की थी अगर ऐसे प्राचीन धार्मिक स्थल भी सचिव की भ्रष्टाचार से




नहीं बच पाए तो आगे अंदाजा लगाया जा सकता है पूरी पंचायत का क्या हाल हुआ होगा जबकि धारकुंडी आश्रम एक ऐसा आश्रम है जहां लगातार वी.आई.पी मूवमेंट लगे रहते हैं अक्सर यहां एसपी कलेक्टर मंत्री मुख्यमंत्री का दौरा लगा रहता है लेकिन भाजपा नेताओं की संरक्षण के कारण इनके हौसले इतने बुलंद हो गए कि इन्होंने पवित्र पावन धाम धारकुंडी आश्रम में जो मेला परिसर बनाया जाना था उसका भी पैसा निकालकर गमन कर लिया आगे श्री द्विवेदी ने कहा कि अगर 24 घंटे के अंदर प्रशासन वीरपुर सचिव राकेश रजक को बर्खास्त कर एफ.आई.आर दर्ज नहीं करता तो मजबूरन हमें एक जन आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला पंचायत सीईओ की होगी ।

# मां शारदा की प्रतिमा भेंट कर कांग्रेस पदाधिकारियों का गजेंद्र सिंह गुड्डू ने किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**कोठी 9 जुलाई, मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंडी डायरेक्टर वरिष्ठ कांग्रेस नेता गजेंद्र सिंह गुड्डू परसवाड़ा ने रैगांव विधानसभा क्षेत्र के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी को मां शारदा की प्रतिमा अंबेडकर सम्मान किया और अयोध्या में हुए राम मंदिर के चढ़ावा चोरी होने पर सभी चंदा चोरों से सावधान रहने का आवाहन किया ।**





गजेंद्र सिंह गुड्डू ने कोठी में किसान कांग्रेस की आयोजित बैठक में पहुंचकर सभी कार्यकर्ताओं का तिलक लगाकर माल्यार्पण करते हुए सम्मान किया साथ ही सभी से आवाहन किया कि अब आगे आने वाली लड़ाई के लिए सभी तैयार रहे जिस प्रकार से आज देश में अराजकता का माहौल व्याप्त है किसानों के ऊपर तरह-तरह का संकट मंडरा रहा है परीक्षाओं में पेपर चोरी एवं पेपर लीक होने से देश का युवा डर-डर की ठोकर खाता भटक रहा है महिलाओं पर आए दिन अत्याचार हो रहे हैं आम जन का जीना महंगाई से दुश्वार है रोजगार का तो कहीं नामोनिशान नहीं है जिस देश आज बुरे संकट के दौर से गुजर रहा है इसके लिए हम सबको एक होकर एक आंदोलन के रूप में सत्ता पर काबिज भाजपा सरकार से डटकर मुकाबला करना है और इसे सत्ता से बेदखल करना है तभी आमजन का जीवन सुखी हो सकता है इस दौरान उन्होंने किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष पांडे कोठी ब्लॉक के अध्यक्ष विनय सिंह गुड्डा जिला कांग्रेस के महामंत्री यादवेंद्र सिंह पंजू युवक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शिवम सिंह एवं देवांशु सिंह कान्हा कोठी ब्लॉक के पूर्व अध्यक्ष नलिनेंद्र मिश्र डब्बू नगर अध्यक्ष कोठी अमर गुप्ता युवक कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष अनुराग सिंह किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह बंटू जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह जिला महासचिव बृजेश गर्ग सोनू डॉ अवध राज सिंह चंदेल ब्लॉक कोठी के सभी मंडल अध्यक्ष किसान कांग्रेस के सभी जो नियुक्त कोठी ब्लॉक के पदाधिकारी सहित अन्य कांग्रेस जनों को मां शारदा की प्रतिमा भेंट कर सभी कार्यकर्ताओं से कांग्रेस के एक जुटता से कार्य करने का आवाहन किया।

# विधायक श्रीकान्त चतुर्वेदी की पहल देवरी में लगे 2 विद्युत ट्रांसफार्मर

**नवभारत न्यूज**

**मैहर 9 जुलाई, मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी की पहल से मैहर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी को एक सप्ताह में दो ट्रांसफार्मर 100 के वी एवं 63 के वी उपलब्ध कराए गए है जिससे किसानों को जहां एक ओर बड़े पैमाने में होने वाली खेती में बड़ी राहत मिली तो वही दूसरी ओर गांव में बरसात के अंधेरे में जहरीले कीड़े मकोड़े से होने वाली दुर्घटनाओं में भी अंकुश लग पाया ।**



इस कार्य को लेकर ग्राम पंचायत की जनता ने मैहर विधायक का ह्रदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि लगातार मैहर विधायक द्वारा क्षेत्र की जनता के लिए समर्पित रहना एक जनप्रतिनिधि की अच्छी सोच एवं कार्यशैली को दर्शाता है।

# स्लीमनाबाद टनल निर्माण अंतिम चरण में

## 14 जुलाई तक काम होगा पूरा, 15 को कर्मयोगियों का सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**मैहर 9 जुलाई, कटनी जिले में स्थित भारत की सबसे लंबी भूमिगत सिचाई/जल सुरंग सुरंग बरगी व्यपवर्तन परियोजना का मुख्य हिस्सा जो नर्मदा नदी के पानी को विध्य क्षेत्र के सूखाग्रस्त इलाकों तक पहुंचाने के लिए बनाई गई है।**

वर्षों से लंबित टनल निर्माण अब पूर्णता की ओर है। सतना सांसद गणेश सिह ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया । अधिकारियों के अनुसार, सुरंग का मात्र 38 मीटर कार्य शेष है, जो 14 जुलाई 2026 तक पूरा हो जाएगा। इस चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को सफल



बनाने वाले सभी कर्मयोगियों का 15 जुलाई को स्लीमनाबाद में भव्य सम्मान किया जाएगा। इस टनल के पूरी तरह चालू होने से मध्य प्रदेश के 5 से 6 जिलोंकटनी, मैहर, सतना, पन्ना और रीवा के लगभग 1.85 लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र को सिचाई का पानी मिलेगा और कटनी को पेयजल की आपूर्ति होगी।

# जनपद कार्यालय मैहर में 17 को लगेगा शिविर

- प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लंबित एवं निरस्तऋण प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष शिविर आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**मैहर 9 जुलाई, मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग अंतर्गत जिला हाथकरघा कार्यालय सतना द्वारा एमएसएमई विभाग, भारत सरकार की प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत ऐसे आवेदकों को राहत प्रदान करने के लिए विशेष पहल की गई है, जिनके ऋण प्रकरण बैंक शाखाओं द्वारा विभिन्न कारणों से निरस्त कर दिए गए हैं या अभी तक लंबित हैं।**

विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि कई प्रकरण आवेदकों से संपर्क न हो पाने अथवा अन्य छोटे-मोटे कारणों से निरस्त हो गए थे, वहीं अनेक आवेदन बैंक स्तर पर लंबित हैं। इन सभी मामलों के शीघ्र एवं उचित निराकरण के उद्देश्य से जिले के विभिन्न विकासखंडों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में संबंधित बैंक शाखा प्रबंधक, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, महाप्रबंधक उद्योग तथा सहायक संचालक ग्रामोद्योग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जिससे मौके पर ही आवेदनों की समीक्षा कर समाधान किया जा सके। ऐसे सभी पात्र आवेदकों से अपील की गई है कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर संबंधित शिविर स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित हों, ताकि उनके ऋण प्रकरणों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। ग्रामोद्योग जिला हाथकरघा के सहायक संचालक ने बताया कि शिविर आयोजन के लिए समय-सारणी निर्धारित की गई है। इनमें 10 जुलाई को जनपद कार्यालय रामनगर, 13 जुलाई को जनपद कार्यालय अमरपाटन, 17 जुलाई को जनपद कार्यालय मैहर में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया जाएंगे।

### युवा संगम रोजगार मेला 16 को आईटीआई मैहर में

जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय एवं शासकीय आईटीआई के सहयोग से 16 जुलाई को प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक शासकीय आईटीआई कालेज हरनामपुर मैहर में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी मैहर ने बताया कि रोजगार मेले में स्वतंत्र फाइनेंस, प्राकृतशील बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, देवा इंटरप्राइजेज, ग्लोबल मैन पावर लिमिटेड गुजरात, केवी हयुमन रिसोर्स लिमिटेड, सीआईआई एमसीसी पुणे, प्रगतिशील बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, यूनो मिण्डा, किशवी कन्सुलटिग कार्पोरेशन, इनफिनिटी कैरियर सोल्युशन, रॉयल स्टाफिग, टीसीआइ तथा मुन्द्रा सोलर प्राइवेट लिमिटेड में शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं आईटीआई, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।